**भारत के राजपत्र असाधारण भाग II, खंड–3, उप खंड (i) में प्रकाशनार्थ**

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
विदेश व्यापार महानिदेशालय
वाणिज्य भवन, नई दिल्ली

**अधिसूचना सं. 42/2024–25**
**दिनांकः 5 दिसम्बर, 2024**

**विषयः राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से सेनेगल और गाम्बिया को टूटे हुए चावल का निर्यात।**

**सा.आ.(अ):** समय–समय पर यथा संशोधित विदेश व्यापार नीति, 2023 के पैरा 1.02 और 2.01 के साथ पठित, विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 की धारा 5 के साथ पठित धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से सेनेगल और गाम्बिया को टूटे हुए चावल के निर्यात हेतु अधिसूचना सं. 15/2024–25 दिनांक 05.06.2024 के साथ पठित अधिसूचना सं. 46 दिनांक 30.11.2023 को निम्नानुसार संशोधित करती हैः–

अधिसूचना सं. 15/2024–25 दिनांक 05.06.2024 के साथ पठित अधिसूचना सं. 46 दिनांक 30.11.2023 द्वारा अधिसूचित मात्रा (मात्राओं) हेतु **सेनेगल और गाम्बिया को एनसीईएल के माध्यम से टूटे हुए चावल (आईटीसी (एचएस) 10064000) के निर्यात** हेतु समयावधि को दिनांक **31 जनवरी, 2025 तक** आगे 2 माह के लिए बढ़ाया गया है।

**अधिसूचना का प्रभावः**

एनसीईएल के माध्यम से सेनेगल और गाम्बिया को टूटे हुए चावल के निर्यात हेतु समयावधि को दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक आगे 2 माह की अवधि के लिए बढ़ाया गया है।

संतोष कुमार सारंगी 5.12.2024

(संतोष कुमार सारंगी)
महानिदेशक विदेश व्यापार
एवं पदेन अपर सचिव, भारत सरकार
ई–मेलः dgft@nic.in

(फा. सं. 01/91/191/049/एएम–24/ईसी/ई–37225 से जारी)